# बिहार सरकार
# ग्रामीण कार्य विभाग,
# बिहार, पटना

स0आ0सं0–14/अ0प्र0–14–109/2025 7302 /पटना, दिनांकः– 7.7.25

## सकारण आदेश

कार्य प्रमंडल, मधेपुरा के अधीन NABARD योजनान्तर्गत 02 पथों (i) ग्राम पंचायत जीरवा मधेली में छेकन यादव के घर होते हुए शिवनारायण यादव के घर होते हुए बिन्दी यादव के घर होते हुए पक्की सड़क एवं (ii) लक्ष्मिनियाँ औराही पथ मंडल टोला से शर्मा टोला पथ का निर्माण कार्य अपूर्ण/लंबित रखे जाने के कारण क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा की गई अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक–2998 अनु0 दिनांक–06.06.2023 द्वारा निर्गत डिफॉल्टर सूची के क्रमांक–20 पर संवेदक ममता कुमारी, ग्राम–तुनियाही उत्तरवाड़ी, वार्ड नं0–03, तुनियाही, मधेपुरा, जिला–मधेपुरा, निबंधन सं0–2200686 (Class-II) का नाम सम्मिलित करते हुए आगामी निविदाओं में भाग लेने से वंचित (डीबार) किया गया।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मधेपुरा एवं अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, मधेपुरा द्वारा की गयी अनुशंसा के आलोक में मुख्य अभियंता–04, पूर्णियाँ ग्रामीण कार्य विभाग के पत्रांक–1155 अनु० दिनांक–01.07.2025 द्वारा उक्त पथ का निर्माण कार्य संबंधित संवेदक द्वारा पूर्ण कराये जाने की सूचना देते हुए संवेदक ममता कुमारी (निबंधन सं0–2200686) को डीबार मुक्त करने की अनुशंसा की गई। उक्त अनुशंसा के साथ डीबार विमुक्ति हेतु विहित जाँच प्रपत्र, कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र, पथ की अद्यतन स्थिति फोटोग्राफ्स एवं MIS Report संलग्न किया गया है। संलग्न MIS Report अनुसार उपर्युक्त वर्णित दोनो पथों का निर्माण कार्य क्रमशः–18.05.2024 तथा 29.03.2024 को पूर्ण हो चुका है।

अतः संवेदक ममता कुमारी, ग्राम–तुनियाही उत्तरवाड़ी, वार्ड नं0–03, तुनियाही, मधेपुरा, जिला–मधेपुरा, निबंधन सं0–2200686 (Class-II) को डिफॉल्टर सूची में शामिल करते हुए आगामी निविदाओं में भाग लेने से वंचित किये जाने संबंधी विभागीय पत्रांक–2998 अनु0 दिनांक– 06.06.2023 के साथ संलग्न डिफॉल्टर सूची के क्रमांक–20 को विलोपित करते हुए डिबार मुक्त किया जाता है।

4/7/25

(निर्मल कुमार)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–14–109/2025 7302 /पटना, दिनांकः– 7.7.25

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग के आप्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी परियोजना प्रबंधक, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4/7/25
अभियंता प्रमुख

Anupriya Computer Section-14 Office Order

(57)

ज्ञापांकः–14 / अ0प्र0–14–109 / 2025 7300 / पटना, दिनांकः– 7.7.25

प्रतिलिपिः–प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना / भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना / लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / नगर विकास विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, पटना / बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख 7/7/25

ज्ञापांकः–14 / अ0प्र0–14–109 / 2025 7300 / पटना, दिनांकः– 7.7.25

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को (विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु) सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख 7/7/25

ज्ञापांकः–14 / अ0प्र0–14–109 / 2025 7300 / पटना, दिनांकः– 7.7.25

प्रतिलिपिः– संवेदक ममता कुमारी, ग्राम–तुनियाही उत्तरवाड़ी, वार्ड नं0–03, तुनियाही, मधेपुरा, जिला–मधेपुरा, निबंधन सं0–2200686 (Class-II) को सुचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख 7/7/25